## खबर संक्षेप

### कटनी की कनक को मिला 'सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक' का राज्य स्तरीय सम्मान

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक कनक सोनी को 'सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक' के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। मप्र उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस पुरस्कार वितरण समारोह में कनक सोनी को शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक कार्यों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उच्च शिक्षा मंत्री, तकनीकी शिक्षा और आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के द्वारा यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।

### उत्कृष्ट कार्य पर डॉ शिवम दुबे को किया सम्मानित



**स्लीमनाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद मे पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे को स्वास्थ्य सेवाओं मे उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम मे कलेक्टर दिलीप यादव के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने स्लीमनाबाद चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा , मरीज के प्रति समर्पण, सजगता,सामुदायिक स्वस्थ केंद्र स्लीमनाबाद को कायाकल्प में जिले में पहला व राज्य में पांचवा स्थान हासिल करने साथ ही प्रयागराज महाकुंभ में सड़क दुर्घटना ग्रस्त लोगो का समय पर समुचित उपचार,दूसरे राज्य बॉडी भेजना,समय में पीएम करना। कुंभ के दौरान 250 पोस्टपार्टम करते हुए तत्परता के साथ कई लोगो की जान भी बचाई। साथ ही लगातार दूसरी बार कायाकल्प का खिताब जीता। ये सभी कार्य को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं मे देखते हुए सम्मानित किया गया। डॉ शिवम दुबे के सम्मानित होने पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों, स्टाफ ने बधाई दी है साथ ही आगे भी इसी प्रकार से स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र मे लगन शील होकर काम करने को कहा गया है जिससे आगे चलकर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया जाये। डॉ शिवम दुबे को इससे पहले गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम मे भी कलेक्टर के द्वारा सम्मानित किया गया था।

### कार्यशाला में मूर्ति निर्माण और विसर्जन के संबंध में होगी चर्चा

**कटनी।** गणेश उत्सव और दुर्गा उत्सव के दौरान मूर्ति निर्माण एवं विसर्जन के संबंध में मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय कटनी द्वारा बुधवार 20 अगस्त को होटल अर्जुन पैलेस में सुबह 11 बजे से कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा मूर्ति निर्माण और विसर्जन के संबंध में जारी किए गए दिशा-निर्देशों पर चर्चा की जाएगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी ने कटनी जिले के प्रमुख उद्योगों जैसे एसीसी सीमेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, जे.के. सीमेंट, डाबर इंडिया और अन्य रिफैक्टरी तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को इस कार्यशाला में कम से कम अपने 5 प्रतिनिधियों को भेजने का आग्रह किया है।

### जिले में अब तक 838.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 18 अगस्त तक कुल 838.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1105.4 मिमी वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 766.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

## महिला सशक्तिकरण बना दिखावा, निर्देशों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां

# घूंघट में महिला जनप्रतिनिधि, पति व पुत्र कर रहे सरपंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





महिलाओं को स्वालम्बी बनाकर आत्मनिर्भर बनाया जा सके इसके लिए सरकार के द्वारा हर क्षेत्र मे महिला आरक्षण दिया जा रहा है।जहां महिलाएं आगे आकर हिस्सा ले रही है ओर स्वयं आत्मनिर्भर बन रही है।उसी प्रकार पंचायती राज व्यवस्था में राजनीति मे महिलाओं को आगे लाने सरकार के द्वारा 50 फीसदी आरक्षण देकर सशक्त बनाने की पहल की है।लेकिन बहोरीबंद विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों की हकीकत कुछ ओर है।यहां महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति,पुत्र सरपंची करते नजर आ रहे है।कही- कही तो उनके ससुर भी सरपंची करते नजर आ रहे है।बहोरीबन्द ब्लॉक की 79 ग्राम पंचायतों मैं 40 ग्राम पंचायतो मैं सरपंच महिलाये है।लेकिन महिला सरपंच अब घर की चार दिवारी मैं कैद है! चूल्हा- चौक कर रही है और उनके अधिकारों का उपयोग उनके पति,पुत्र या ससुर कर रहे है।बहोरीबंद जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायतो मैं पड़ताल करने मे यह हकीकत सामने आई।ग्राम सभाओं की बैठकों का संचालन,विकास व निर्माण कार्यो का दायित्व संभालना सहित अन्य कार्यो को कर रहे।ग्राम पंचायत के अलावा जनपद कार्यो पर भी जनपद कार्यालय उनके पति ही पहुँच रहे है।

पंचायती राज व्यवस्था में महिला जनप्रतिनिधि अपने अधिकारों का उपयोग करें इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी स्पष्ट निर्देश दिए है साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने भी आदेश जारी किए है।लेकिन कटनी जिले मे इन आदेशों का पालन नही किया जा रहा है।जबकि अन्य जिलों मैं अधिकारी इसका सख्ती से पालन करवा रहे है।जिले के बहोरीबन्द विकासखण्ड मैं तो महिला सशक्तिकरण बिल्कुल दिखावा बनकर रह गया।जबकि यहाँ एसडीओपी व तहसीलदार पदों पर नारी शक्ति ही पदस्थ है। या यूं कहें कि ग्राम पंचायत ,जनपद सहित जिला पंचायत के अधिकारी महिला सशक्तिकरण को लेकर संजीदा ही नही है जिस कारण आज भी ग्राम सभा की बैठक सहित निर्माण कार्यो मैं महिला सरपंच घूंघट मैं रहकर सिर्फ हिस्सा बनती है। सरकार व विभागीय नियमो का पालन करने ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायक बिल्कुल ध्यान नही दे रहे है बल्कि ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायक ही तवज्जो दे रहे है।

### इनका कहना है

इस संबंध में जनपद सीईओ बहोरीबंद अभिषेक कुमार का कहना है कि जनपद की ग्राम पंचायतों में महिला जनप्रतिनिधि अपने अधिकारों का उपयोग क्यो नही कर रही है। इसके लिए महिला सरपंचो को प्रेरित किया जाएगा ताकि महिला सशक्तिकरण की दिशा मे महिला जनप्रतिनिधि बढ़ सके। ग्राम पंचायत सचिवों व ग्राम रोजगार सहायकों को भी सख्त निर्देश जारी किए जाएंगे कि वे महिला जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन करने मे संलिप्त पाए जाते है तो कारवाई भी की जावेगी।

एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि महिला जनप्रतिनिधियों को महिला अधिकारों के प्रति पूर्व में जागरूक किया गया है फिर भी यदि पंचायती राज व्यवस्था में महिला अधिकारों का हनन हो रहा है तो महिला सशक्तिकरण की दिशा मे विशेष कदम उठाए जाएंगे ताकि महिला सशक्त बन सके।

### केस-1

ग्राम पंचायत निमास में गत दिनों स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम सभा की बैठक आयोजित हुई जिसमें महिला सरपंच विनीता नायक की जगह उनके पति वीरू नायक ने ग्राम सभा का संचालन किया।

### केस- 2

ग्राम पंचायत कौड़िया में महिला सरपंच रुक्मणि मांझी है लेकिन ग्राम सभाओं की बैठक सहित विकास व निर्माण कार्यों का संचालन पति विष्णु मांझी के द्वारा किया जा रहा है।

### केस-3

ग्राम पंचायत सुपेली में तो हकीकत तो कुछ और है। यहां महिला सरपंच भागवती मांझी है लेकिन यहां इनके पुत्र के द्वारा ग्राम सभा का संचालन सहित विकास ओर निर्माण कार्यों का संचालन किया जा रहा है।

### रोजगार, स्व रोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला 28 अगस्त को

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गुरूवार 28 अगस तकोसुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई रोशन नगर एनकेजे कटनी में एक विशाल रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।साथ ही रोजगार के साथ-साथ, मेले में 18 से 45 वर्ष के स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को भी सहायता प्रदान की जाएगी। ऋण प्रदाता सरकारी विभाग भी उपस्थित रहेंगे, जो युवाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे और उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेंगे। इस मेले में 18 से 35 वर्ष की आयु के 8वीं से लेकर स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा तक की शिक्षा प्राप्त युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। मेले में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूचियां, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी, आधार कार्ड, जाति और मूल निवासी प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

## सड़क पर आवारा मवेशियों के झुंड, नही की जा रही कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



कलेक्टर के निर्देशों का स्थानीय प्रशासन द्वारा माखोल उड़ाया जा रहा है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के सख्त निर्देश हैं कि सार्वजनिक सड़कों पर मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाय। स्थानीय निकाय नगर पंचायत व जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायत को निर्देश जारी किए हैं. कि कोई भी व्यक्ति या पशुपालक जानबूझकर या लापरवाही से मवेशियों को सार्वजनिक सड़कों पर नहीं छोड़ेगा। बीमार, रोगग्रस्त या विकलांग मवेशियों को सड़कों पर नहीं छोड़ा जाएगा, बल्कि स्थानीय निकाय से संपर्क कर गौशाला को सौंपा जाएगा

ग्राम पंचायतें, नगरीय निकाय और सड़क निर्माण विभाग सड़कों पर मवेशियों के विचरण को रोकने और उनसे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिम्मेदार होंगे।

गौरतलब है की पशुपालक जब तक मवेशी दूध देती हैं तभी तक घरों में रखकर उनका ख्याल रखते है जब दूध देना बंद कर देती हैं तो पशुपालक अपने पशुओं को आवारा छोड़ देते हैं जो सड़कों पर घूमते रहते हैं जहां पर वाहनों से टकराकर उनकी मृत्यु हो जाती है। पशुओं से टकराकर दो पहिया वाहन चालक घायल हो जाते हैं जिससे गम्भीर समस्याएं बन जाती हैं।

बड़वारा की सड़कों पर प्रतिदिन सड़कों पर आवारा मवेशी झुंड बनाकर बैठते हैं इसके बावजूद बड़वारा का स्थानीय प्रशासन इन मवेशियों को न ही गौशाला में व्यवस्थित कर रहा है न ही मवेशी मालिकों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करबाने की कार्रवाई कर रहा है जिससे कभी भी कोई भी भयावह दुर्घटना घटित हो सकती है।

### इनका कहना है

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पँचायत बड़वारा प्रभावती तेकाम का कहना है कि बड़वारा की सड़कों पर तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवारा विचरण करने वाले व आवारा बैठने वाले पशुओं को भगाने का कार्य करवाया जा रहा है ।आपके द्वारा जानकारी दी गई है। पशुओं को आवारा छोड़ने वाले पशु मालिकों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करवाने की कार्रवाई की जाएगी।

## बारडोली वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष ने वितरित किये ड्रेस एवं जूते



बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आरएल चौधरी के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र ददरी टोला सेक्टर विलायतकला एवं मदारी टोला ब्लॉक बड़वारा में संचालित प्री स्कूल-पोषण एवं शिक्षा कार्यक्रम के बच्चों को विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के मुख्यातिथ्य एवं श्रीमति अर्चना रजक तथा इंद्रकुमार साहू परियोजना अधिकारी (महिला एवं बाल विकास मंत्री) ब्लॉक बड़वारा के विशिष्ट आतिथ्य में ड्रेस एवं जूतों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक सहित आंगनवाड़ी केंद्र की सुपरवाइजर परवीन बानो, राजेश कुमार चौधरी, काशी विश्वकर्मा, माया गुप्ता, रविकांत राय, मीरा विश्वकर्मा एवं कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार कुमार चौधरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र का मामला, एक महिला गिरफ्तार

# 1.20 लाख रूपए में किशोरी को बेचा, पुलिस ने हरियाणा से किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी को बेचे जाने की घटना सामने आई। पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार भी किया है। किशोरी को उसकी सहेली की मां ने हरियाणा में 1 लाख 20 हजार रुपए में बेचकर जबरन विवाह करा दिया।

इस घिनौने कांड में आरोपी महिला ने खुद को किशोरी की मां और एक अन्य व्यक्ति को मामा बनाकर सौदा किया। 15 दिन तक किशोरी के घर न लौटने पर परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की, जिसके बाद मानव तस्करी का यह गंभीर मामला उजागर हुआ। किशोरी के लापता होने की सूचना पर उसके माता-पिता ने थाना पहुंचकर शिकायत दी।

उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके बेटी अपनी सहेली के घर जाया करती थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू की। 5 अगस्त को रंगनाथ नगर थाने में किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज किया गया और तलाश शुरू की गई।

पुलिस ने कार्रवाई करते हरियाणा के हूडल जिला पलवल में छापा मारा, जहां किशोरी 25 वर्षीय रॉबी जाट के कब्जे में मिली। पूछताछ में रॉबी ने बताया कि उसने सपना गुर्जर और कथित मामा को 1 लाख 20 हजार रुपए देकर किशोरी से विवाह किया था। किशोरी पिछले 8 दिनों से भागने की कोशिश कर रही थी। पुलिस ने किशोरी को मुक्त कराया और रॉबी को गिरफ्तार कर कटनी लाया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि सपना गुर्जर किशोरियों को बेचकर जबरन शादी कराने का एक गिरोह चला रही थी। इस मामले में झांसी व हरियाणा क्षेत्र के दो अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने सपना गुर्जर और रॉबी जाट के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

## सिंहवाहिनी, रसिक जू बिहारी मंदिर में मनाया गया नंदोत्सव

# पालना उत्सव के साथ बजी बधाइयां, छप्पन प्रकार के भोग किये गए अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दो दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव के तहत विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात मध्यरात्रि 12 बजते ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाने का सिलसिला शुरू हो गया। भगवान के जन्मोत्सव पल के साक्षी बनने बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा।

### नंद घर आनंद भयो..

हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की ,कृष्ण जन्मे आधी रात बांधो की रतिया जैसे सुमधुर गीत गाये जाने लगे। मंदिर के पुजारी के द्वारा भगवान का पंचामर्त से अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद भगवान का श्रृंगार किया। जन्मोत्सव का नजारा देख श्रद्धालु भक्ति में रम गए।

### सुमधुर कृष्ण भजनों पर थिरके श्रद्धालु

जन्माष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को सिंहवाहिनी महिला मंडल के द्वारा भगवान का अभिषेक किया गया फिर महिलाओ के द्वारा सोहर गीत यशोदा ने जायो ललना मैं वेदन सुन आई,लाला जन्म सुन आई,मैया दे दो बधाई। मैं तो नंद बाबा घर जाऊंगी ,बधाई लेकर आऊंगी। एक से बढ़कर एक कृष्णमय भजनों की प्रस्तुति दी गई।इन गीतों की धुन पर महिलाये नृत्य कर रही थी।

जन्मोत्सव उपरांत पालना उत्सव मनाया गया।जहां महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल गोपाल रूप के दर्शन कर पूजन अर्चना की । जन्मोत्सव की खुशियां उपरांत महाआरती आयोजित की। महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गईं व प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान महिला मंडल सदस्यों व बड़ी संख्या मे महिलाओं की उपस्थिति रही।

## आनंदम स्थल में एक दिवसीय बैठक सह कार्यशाला आयोजित

# बच्चों को बचपन में ही संस्कारों एवं जिम्मेदारी का ज्ञान कराना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी और ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों की सक्रियता हेतु एकदिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन आनंदम स्थल कटनी में किया गया। आयोजित बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि प्रस्फुटन ग्रामों में समितियों के द्वारा समन्वय से सक्रियता पूर्वक कार्य करना है। जिसमें परिषद के निर्देशानुसार दिए गए विषयों पर जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन करना है।

कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित ग्रामीण आजीविका मिशन के सह प्रबंधक रामसुजान द्विवेदी ने उद्बोधन में बताया की प्रस्फुटन समितियों को रचनात्मक सोच के साथ हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए सक्रियता पूर्वक प्रयास करना है, हम जैसे जागरुक लोगों को आम जन मानस में विकास के मूलभूत विषयों को लेकर जन जागरण हेतु अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है, जिससे ग्राम विकास के लिए सभी लोग अपने अधिकारों की तरह अपने कर्तव्यों को भी महत्व दें।

वहीं कार्यशाला में उपस्थित जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल ने प्रशिक्षण हेतु निर्धारित विषयों पर चर्चा करते हुए उनके कार्य दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ग्राम में संस्कार केंद्र संचालन के माध्यम से नन्हे-मुन्ने बच्चों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आवश्यक संस्कारों का निर्माण करना है, बड़ों के प्रति सम्मान का भाव, अच्छे बुरे का ज्ञान, योग आसन की जानकारी सहित बचपन से ही शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति उनकी जवाबदारी का ज्ञान कराना है। प्रस्फुटन समितियों द्वारा ग्राम विकास के मूलभूत विषयों सबके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, नशा मुक्ति, स्वच्छता, जैविक एवं उन्नत कृषि पर स्वयं अपना कौशल बढ़ाते हुए ग्राम में भी एक सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। सदैव जिज्ञासु रहते हुए स्वयं सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ाना है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से परिषद द्वारा प्रारंभ किए गए महत्वपूर्ण कार्यक्रम माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत दिए जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमा स्वयं बनाकर उनकी स्थापना एवं पूजन करने के साथ-साथ आमजन को भी इस हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया। जिससे पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से हमारे जल स्त्रोत साफ स्वच्छ और सुरक्षित रहें।

मिट्टी कलाकार शिवकुमार कोरी के द्वारा माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत मिट्टी के गणेश बनाने संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तत्पश्चात उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करके स्वयं कार्यशाला स्थल पर मिट्टी के गणेश अपने हाथों से बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने योगदान हेतु संकल्प लिया।

# युवाओं को मिलेगा विश्व मंच पर हुनर दिखाने का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र के युवाओं को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए 'मध्य प्रदेश कौशल प्रतियोगिता-2025' का आयोजन किया जा रहा है, इसके तहत प्रदेश के प्रतिभावान युवाओं को जिला, संभाग और राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से 63 अलग-अलग प्रकार के कौशलों में प्रतियोगी हिस्सा ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी द्वारा आयोजित होने वाली 'विश्व कौशल प्रतियोगिता' का एक हिस्सा है, जिसे अक्सर 'कौशल का ओलंपिक' भी कहा जाता है। विश्व कौशल प्रतियोगिता 2024 में ल्योन, फ्रांस में हुई थी और अगली प्रतियोगिता सितंबर 2026 में शंघाई, चीन में आयोजित होगी।

मप्र राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बाद, चयनित प्रतिभागियों को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इंडिया द्वारा आयोजित स्किल्स प्रतियोगिता-2025 में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई भी शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 16 से 22 वर्ष तथा कुछ विशेष कौशलों के लिए 25 वर्ष तक की आयु सीमा निर्धारित की गई है। उम्मीदवार www.skillindiadigital.gov.in पोर्टल पर जाकर अपना निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं। जिले के नोडल प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने ज़्यादा से ज़्यादा युवाओं को इसमें हिस्सा लेने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने लोक निर्माण मंत्री से सड़क निर्माण कराने की मांग

**सिलौंडी।** बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, मंडल उपाध्यक्ष राकेश दुबे, योगेंद्र सिंह ठाकुर के साथ लोक निर्माण विभाग मंत्री राजेश सिंह के निवास जाकर बड़वारा विधानसभा के 2024 में आई बाढ़ से प्रभावित 17 गांव की सड़कों को पुन बनाने की मांग की है। बाढ़ के कारण 17 गांव की सड़कें पूरी तरह खराब हो गई थी। साथ ही ग्राम सुनतरा से दशरमन मार्ग और सिलौंडी से अम्हेटा मार्ग बनाने के लिए पत्र सौंपा है। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के क्षेत्रीय दौरे में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने विधायक को सिलौंडी से अम्हेटा मार्ग और सुनतरा से दशरमन मार्ग की जर्जर हालत की जानकारी देते हुए मार्ग निर्माण की बात की थी। सिलौंडी से नेगाईं पुल की भी क्षतिग्रस्त पुल को तुरंत नवीन पुल बनाने की मांग की है।

### पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा सीधे प्रवेश

**कटनी।** शासकीय आईटीआई में खाली सीटों को भरने के लिए संस्था स्तर पर सीएलसी राउंड और ₹पहले आओ, पहले पाओ₹ राउंड की प्रक्रिया शुरू हो रही है।इसके तहत आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक युवाओं को अब सीधे प्रवेश का मौका मिल रहा है जिन छात्रों ने अब तक आईटीआई में प्रवेश नहीं लिया है, उनके लिए 18 अगस्त से 22 अगस्त तक पंजीयन और चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया चलेगी। इस राउंड में भाग लेने के लिए छात्रों को सबसे पहले पंजीकरण कराना होगा और फिर अपनी पसंद के आईटीआई और ट्रेड का चुनाव करना होगा। 25 अगस्त को छात्रों को अपनी चुनी हुई संस्था (आईटीआई) में उपस्थित होना होगा। 26 अगस्त को मेरिट सूची जारी की जाएगी, और मेरिट में नाम आने पर प्रवेश दिया जाएगा।28 अगस्त को प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) के छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। यदि सीएलसी राउंड के बाद भी सीटें खाली रहती हैं, तो 29 अगस्त को बची हुई सीटों की जानकारी दी जाएगी। इस राउंड में जो भी छात्र पहले आईटीआई में उपस्थित होंगे, उन्हें तुरंत प्रवेश दे दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए छात्र नोडल शासकीय आईटीआई कटनी, बरही, बहोरीबंद, कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं शासकीय आईटीआई ढीमरखेड़ा में संपर्क कर सकते हैं।

### धरवारा ग्राम में निकली कन्हैया की झांकी



**सिलौड़ी।** जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर धरवारा ग्राम में भी भगवान श्री कृष्ण की सुन्दर झांकी और रात्रि रामायण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जुलूस में नन्द के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की। श्री कृष्ण भगवान के जयकारों से संपूर्ण धरवारा गांव गुंजायमान रहा है।भगवान की झांकी यादव मोहल्ला से शुरू होकर पूरे गांव में घुमाई गई। कार्यक्रम में में उपसरपंच अमित गर्ग हीरा लाल यादव, बलदेव यादव, रामकुमार यादव, लल्लू यादव, गंगू यादव, उमेश यादव, रामसजीवन यादव, राजा यादव, मनोहर यादव, रामनाथ विश्वकर्मा, रामकुमार नामदेव, पंकज नामदेव सहित महिलाएं व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में यादव समाज के वरिष्ठ जनों ने गांव में सफल कार्यक्रम हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।।

### 20 अगस्त पुनः खोला गया एमपीटास पोर्टल

**कटनी।** जिले की शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नए आवेदन पत्र जमा करने के लिए एमपीटास पोर्टल को 20 अगस्त तक पुनः खोल दिया गया है।

### बी एवं सी ग्रेड वाले सभी विभागों को तीन दिन में शिकायतों के निराकरण करने दिए निर्देश

# शिकायतें अटेंड नहीं करने वाले अधिकारियों को दी सख्त हिदायत, शोकाज नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कामकाज की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने माइनिंग कॉन्क्लेव की तैयारियों, सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों, ग्राम भजिया में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं उर्वरक की उपलब्धता आदि की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने आगामी 23 अगस्त को जिले में आयोजित होने वाली माइनिंग कॉन्क्लेव की तैयारियों के संबंध में चर्चा करते हुये सभी अधिकारियों को इस कॉन्क्लेव के दौरान पूरी सजगता और सक्रियता से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करेंगे। माइनिंग कॉन्क्लेव हेतु अब तक देशभर से 1500 से अधिक नामी-गिरामी उद्योगपति व निवेशक पंजीयन करवा चुके हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द खरीदी के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। बताया गया कि अब तक 70 करोड़ 62 लाख रूपये का किसानों को भुगतान हो गया है। कलेक्टर ने इलेक्ट्रिक सेफ्टी विभाग को पेट्रोल पंपों से फायर एनओसी की निर्धारित राशि तत्काल जमा कराने के निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभागों को 50 दिवस से अधिक समय से लंबित पड़ी शिकायतों का नियमानुसार निराकरण करने एवं फोर्स क्लोज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को आधार और समग्र आईडी से संबंधित लंबित पड़ी शिकायतों का अतिशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 'बी' और 'सी' ग्रेड वाले सभी विभागों को अगले तीन दिनों के भीतर लंबित शिकायतों का निराकरण कर अपनी रैंकिंग में सुधार करने की हिदायत दी। साथ ही शिकायतों को अटेंड न करने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जन संवाद भाजिया में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बिजली, पानी, शिक्षा, आवासीय पट्टा, अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुये सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचने वाले आवेदकों को पात्रता के अनुसार आयुष्मान कार्ड और राशन योजना का लाभ दिलाने के लिए भी कहा।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नगर विक्रय केंद्रों पर खाद उपलब्ध न होने की स्थिति में नजदीक के निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों से किसानों को खाद दिलाई जाय। इसके लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों और पटवारियों की ड्यूटी लगायें। सभी एसडीएम उर्वरक उपलब्धता पर निगरानी रखें, साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी विक्रेता किसानों से खाद का निर्धारित दर से अधिक कीमत न वसूले।

#### समग्र ई-केवाईसी कार्य में लाये तेजी

समग्र ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति पर कलेक्टर श्री यादव ने नगर निगम को इस दिशा में और अधिक प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा और बड़वारा को ई-केवाईसी कार्य की गति में तेजी लाने को कहा। वहीं नगर परिषद बरही को डुप्लीकेट समग्र डिलीट करने के निर्देश दिए।



## जब पाप बढ़ता है तो धर्म की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शुभभावना हाल मे शनिवार को राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी दीदी के नेतृत्व में जन्माष्टमी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव बाबा को भोग अर्पित कर केक कटिंग से हुई। इस दौरान नन्ही बच्ची खुशी ने मनभावन नृत्य प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। मंच संचालन बीके विनोद भाई ने किया।

बीके लक्ष्मी दीदी ने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म उस कालखंड में हुआ जब अधर्म और पाप चरम पर था। उन्होंने धर्म की पुनः स्थापना कर पाप का नाश किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का संदेश है कि जब पाप बढ़ जाता है, तब भगवान धर्म की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। उन्होंने समाज के हित में असुरों का वध किया, द्रौपदी की रक्षा की और सुदामा संग अद्वितीय मित्रता का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके बताये गये मार्ग का अनुसरण कर जीवन को सदा भय से मुक्त और आनंद पूर्वक जीवन व्यतीत कर सकते हैं कृष्ण का जीवन वर्तमान समय में बेहद प्रासंगिक और अनुकरणीय है हमें अपने कर्मों पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि जैसा कर्म हम करेंगे उसी का अनुकरण हमारी आने वाली पीढ़ी करेगी।

इस अवसर पर रजनीश सिंह चंद्र प्रताप सिंह,प्रियांक,आयुष, हिमांशु, एमएल चौबे, सरिता चौबे, युक्ता, पटवारी राजेश सोनी, दुर्गा बहन,भारती बहन, सविता बहन,नेहा, तृप्ति,मीना, प्रियंका, वैष्णवी, शानू साहित्य अन्य भाई बहनों की उपस्थिति रही

### किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त मात्रा में मिलेगी खाद

# जिले के लिए नीम कोटेड 515 मीट्रिक टन यूरिया खाद की एक और रैक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक सोमवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 515 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है।

झुकेही रैक प्वाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। इसके पहले पिछले मंगलवार को भी 1080 मीट्रिक टन यूरिया जिले को मिली थी। इस प्रकार अब किसानों की जरूरत के लिए जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है।

जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र एवं बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 90-90 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 125 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ तथा एमपी एग्रो कटनी को 30-30 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को दिया है।

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एंव बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

### वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती पर निकली वाहन रैली



वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी का 194 वां जन्मदिन के उपलक्ष्य में लोधी समाज द्वारा जन्म दिवस मनाया गया। वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को ग्राम मनकेडी जिला– सिवनी मध्य प्रदेश में हुआ था तहसील ढीमरखेड़ा के लोधी समाज द्वारा उनके 194 वां जन्मदिन के अवसर पर तहसील ढीमरखेड़ा मुख्यालय से मोटरसाइकिल वाहन रैली निकल गई जो कि ढीमरखेड़ा बस स्टैंड से थाना तिराहा एवं मुख्य मार्ग से गुजरते हुए विशाल रैली निकल गई इसके बाद अनेकों ग्रामों देवरी,सनकुई, मुरवारी, गनियारी दशरमन तक विशाल रैली निकली गई दशरमन में वीरांगना महारानी की प्रतिमा में फूल माला चढ़ाकर सभा को संबोधित किया गया एवं उपस्थित सभी लोगों को जलपान कराया गया इसके बाद सभा का आयोजन छोटे कछार गांव में किया गया और उपस्थित जनों को कार्यक्रम के आयोजकों के द्वारा संबोधन कर समापन किया गया जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष मुलायम लोधी, ओबीसी सभा जिला अध्यक्ष बीके लोधी, प्रहलाद पटेल ,जय करण पटेल, लक्ष्मी लोधी, इंद्र कुमार लोधी, रविंद्र पटेल ,सुरेंद्र पटेल ,प्रहलाद पटेल पारस पटेल ,बृजेश पटेल अज्जू पटेल लक्ष्मी पटेल,सुनील लोधी आदि उपस्थित रहे ढीमरखेड़ा पुलिस प्रशासन का योगदान रहा।

## संस्कृत सप्ताह अभियान का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



संस्कृत भारती द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम समूचे कटनी जिले मे आयोजित किया गया जिसके तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रथम दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद में छात्रों द्वारा तिलक बंधन एवं द्वितीय दिवस व्याख्यान माला तथा रक्षाबंधन श्रावण पूर्णिमा के दिन संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में महिला मंडल द्वारा सिंह वाहिनी मंदिर में वेद पूजन के पश्चात रामायण का आयोजन किया गया तथा संस्कृत सप्ताह के समापन अवसर पर सिलिकोबाइट कॉलेज कटनी में विधि विभाग के छात्रों के साथ अल्प व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी रहे। कॉलेज के संचालक डॉक्टर पारस जैन, संस्कृत भारती कटनी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष डॉ दिलीप त्रिपाठी द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कहा कि हम सभी भारतवासी संस्कृत के अध्ययन के उपरांत केवल वेदांग ही नहीं अन्य शास्त्रों को पढ़ने एवं समझना की क्षमता का विकास होता है! संस्कृत केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि संस्कार प्रदान करने वाली अभिव्यक्ति है।

देववाणी संस्कृत को जनवाणी के रूप मे स्थापित करने व्यापक स्तर पर संस्कृत भारती के द्वारा प्रसार किया जा रहा है। संस्कृत भारती संस्कृत भाषा मे निहित ज्ञान भंडार के संरक्षण, संवर्धन, विकास ओर प्रचार का कार्य कर रही है। संपूर्ण कटनी जिले में यह आयोजन प्रांत संगठन मंत्री डॉ मनोज पांडे के निर्देशन में अनेकों जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### सिलौड़ी बस स्टैण्ड में यात्रियों को उठानी पड़ रही कई मुसीबतें

# मूलभूत सुविधाओं की कमी से यात्री, खासकर महिलाओं को अधिक परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी



सिलौंडी बस स्टैंड जहां से लगभग चौरासी गांव के मुसाफिर सवारी वाहनों के माध्यम से आना-जाना करते हैं परंतु यहां पर मुसाफिरों और व्यापारियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। बस स्टैंड के व्यापारियों व यात्रियों का कहना है की यहां पर कोई अनहोनी या घटना दुर्घटना हो जाए तो पुलिस की सहायता पाने के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ता है। शराबी लोग व्यापारियों से विवाद करते है। कुछ नाबालिक भी गलत संगत होने के कारण शराब पीकर व्यापारियों से पैसे की मांग करते है। बालिकाओं को कॉलेज आने जाने में दिक्कत होती है।

आपको बता दे की बस स्टैंड सिलौंडी से आस पास कछार गांव बड़ा, गौरा, खमरिया बागरी, नेगाई, पाली, कचनरी सहित आधा सैकड़ा से अधिक गांव के लोग आवागमन करते हैं जो इसी बस स्टैंड से अपने गंतव्य की यात्रा करते हैं। सिलौंडी से जबलपुर, कुंडम, सिहोरा, कटनी, मंडला के लिए आना-जाना करते हैं। यहां न तो बैठने की व्यवस्था है न ही पानी की पीने की व्यवस्था है। प्रसाधन सुविधा तक का अभाव है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात्रि के समय स्थिति और खराब हो जाती है। बस स्टैंड के आसपास शराबी शराबखोरी करते हैं जिससे विशेष रूप से महिला यात्रियों के मन में भय सताता रहता है।

बस स्टैंड के व्यापारियों व यात्रियों ने बताया कि यहां महिला सांसद, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और 13 महिला पंच होने के बाद भी एक महिला प्रसाधन नही बन पा रहा है।

लोगों का कहना है की मार्ग से मुख्य बस स्टैंड में अतिक्रमण के चलते दिन भर जाम की स्थिति बनती है यहां पर पुलिस की नितांत आवश्यकता लोगों को समझ में आती है। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों व व्यापारियों का कहना है की इस सबंध मे एसपी से भेंटकर समस्या बताई जावेगी।

### नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा अभियान, शिकायतों पर हो रही कार्यवाही

# आवारा श्वानों को एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम एवं मवेशियों को भेजा कांजी हाउस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





नगर के विभिन्न क्षेत्रों से आवारा श्वानों की प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा विगत 5 जून को अमकुही स्थित जल शोधन संयंत्र प्लांट के एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के परिसर का निरीक्षण कर शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करानें के निर्देश दिए थे।

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुए सोमवार से आवारा श्वानों को डॉग केचर नेट के माध्यम से सुरक्षित पकड़ने हेतु माधव नगर के एडीएम लाइन एवं शांति नगर में अभियान चलाया गया। जिसके तहत अब तक 4 आवारा श्वानों को वाहन पिंजरा के माध्यम से एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम में भेजा जा चुका है।

आयुक्त नीलेश दुबे ने एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम के संबंध में बताया कि इस कंट्रोल रूम में जनसंख्या नियंत्रण हेतु लाए जाने वाले श्वानों के अतिरिक्त आक्रमक किस्म के श्वानों को भी लाया जायेगा तथा उपचार पश्चात पुनः छोड़ दिया जायेगा। इससे आवारा श्वानों की समस्या के संबंध में काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी ने नगर के श्वान पलकों को जानकारी देते हुए बताया कि नगर में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। अपने पालतू श्वानों को निर्धारित स्थल पर बांधकर रखने की अपील श्वान पलकों से की है।

#### 10 मवेशी भेजे गए कांजीहाउस

नगरीय क्षेत्र के सार्वजनिक मार्गों में आवारा घूमने वाले मवेशियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के मद्देनजर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में निगम की हांका टीम द्वारा सभी जोन क्षेत्रों में आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया है कि प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन में रविवार रात्रि शहर के बस स्टैंड,कुठला क्षेत्र,पन्ना मोड़ ,शहडोल बायपास सहित विभिन्न क्षेत्रों में हाका टीम के कर्मचारियों द्वारा अभियान चलाया जाकर 10 नग आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा है। अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने हांका टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ शहर के मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों सहित मुख्य मार्गों में घूमने वाले आवारा मवेशी को पकड़ने का कार्य कर काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे कांजी हाउस में छोड़ने का कार्य कर रही है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नगर के समस्त पशुपालकों से अपने - अपने पालतू पशुओं को निर्धारित स्थलों पर ही बांधकर रखने की अपील करते हुए कहा है कि सार्वजनिक मार्गों में पशुओं के आवारा विचरण करते पाए जाने पर पशु मालिक के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।



## हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासकीय माध्यमिक शाला चाँदन में 79 वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही धूमधाम से जश्न के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्रभात फेरी, तिरंगा रैली निकाली गई। शाला में अध्यनरत छात्र-छात्राओं व विद्यालय स्टाफ द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति पेश की गई। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक हरिप्रसाद पांडे द्वारा विद्यालय में प्रतिदिन आने वाले छात्र-छात्राओं को स्टील के टिफिन लंच बॉक्स 100 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को ग्रामीणों द्वारा प्रोत्साहन राशि से पुरष्कृत किया गया। इस शुभ अवसर पर ग्राम के हरिप्रसाद पांडे भगवान दीन यादव भूतपूर्व सरपंच, संतराम यादव, दादूराम यादव, सोने लाल यादव , विनोद यादव , कमला प्रसाद तिवारी, मदन नामदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आभार उद्बोधन के साथ शाला के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात शाला में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को सुरुचि भोज करवाया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ से शाला के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार तिवारी, श्रीमती सुनंदा ठाकुर, श्रीमती रजनी राजपूत, नरेंद्र सिंह, श्रीमती प्रियंका कोरी की सराहनीय उपस्थिति रही।

## विश्व आदिवासी दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब

# संवैधानिक हक अधिकार के लिए आदिवासियों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस का साप्ताहिक कार्यक्रम 17 अगस्त 2025 को जय आदिवासी युवा शक्ति जयस एवं सर्व आदिवासी समाज तथा एससी एसटी ओबीसी के संयुक्त तत्वाधान में कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा में आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में क्षेत्रवासी तथा विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधि एवं क्रांतिकारी साथियों ने पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के लोगों को संवैधानिक हक अधिकार के प्रति जागरूक करना तथा पांचवी छठवीं अनुसूची पेसा एक्ट ,तेंदूखेड़ा क्षेत्र को आदिवासी ब्लॉक घोषित करवाना था क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के संबंध में जल जंगल जमीन तथा नौरादेही विस्थापन जैसे बिंदुओं पर उपस्थित वक्ताओं द्वारा आम जनमानस को जागरूक किया गया। जल जंगल जमीन से आदिवासियों को निरंतर बेदखल किया जा रहा है। वन अधिकार कानून प्राप्त होने के बाद भी भोले भाले आदिवासियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अगर आदिवासी समाज संवैधानिक अधिकारों को लेकर जागरूक नहीं होगा तो यह स्थिति विपरीत हो सकती है। अब समय आ गया है कि



हम सभी एक मंच पर आकर संवैधानिक हक अधिकारों के प्रति जागरूक होकर अपनी समाज की आवाज को बुलंद करें ताकि हमारे समाज के साथ निरंतर हो रहे अत्याचार शोषण से मुक्ति मिल सके। पूर्व अपर कलेक्टर नारायण सिंह ने कहा कि इस प्रकार की मंच समाज को नई ऊर्जा एवं शक्ति देते हैं। सोवरन ठाकुर जनपद पंचायत अध्यक्ष चांवरपाठा ने कहा कि जयस क्रांतिकारी युवाओं का संगठन है जिसे युवाओं को संवैधानिक अधिकार के प्रति जागरूक करने की मुहिम चलाई है रामकुमार सैयाम जिला पंचायत सदस्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र में बहुसंख्यक आदिवासी समाज निवास करता है लेकिन इसके बाद भी शासन की विभिन्न योजनाओं से आज भी वंचित है दमोह से चलकर आएं संतोष भारती ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हक़ अधिकार लड़ने से मिलते हैं इसलिए एक जुट होकर लड़ाई लड़ें जय आदिवासी युवा शक्ति जयस एक सामाजिक संगठन होकर समाज के युवाओं को विभिन्न बिंदुओं पर जागरूक कर रहा है।

जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय युवाओं का है युवाओं को अपने हक अधिकार मांगने के लिए एकजुट होना पड़ेगा। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं आदिवासियों के उत्थान एवं विकास के लिए चलाई जाती हैं लेकिन पूर्ण जानकारी न होने के कारण हमारा युवा इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पाता है। क्षेत्र में जल जंगल जमीन के नाम पर हमारे आदिवासियों के साथ गलत हो रहा है । वन अधिकार कानून आदिवासियों के उत्थान एवं विकास के लिए बनाया गया है लेकिन वर्षों से हमारे आदिवासी भाई बहन वनभूमि के मालिकाना हक पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं उन्होंने कहा कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र में आदिवासी समुदाय की संख्या सर्वाधिक है इस लिए इस क्षेत्र को आदिवासी ब्लॉक घोषित किया जाए इसके लिए संवैधानिक लड़ाई लड़नी होगी।

इस अवसर पर जयस जिला अध्यक्ष श्याम लाल सिंह गोटियां, गिरधारी परस्ते, अनिल धुर्वे,उत्तम अहिरवार,मान सींग यादव, द्वारका ठाकुर सरपंच,दिनेश खरे सरपंच,थम्मन सरपंच, रजनी ठाकुर,देशराज सरपंच, सोनू मरावी, मोनू मरावी,धनसीग सरपंच, हल्ले पूर्व सरपंच, रमेश सरपंच, योगेंद्र सिंह सरपंच, कुंजबिहारी विश्वकर्मा, नोने लाल, कुमेश ठाकुर, राहुल परस्ते, जुगल किशोर पटेल,ववलू अहिरवार, प्रदीप अहिरवार, राजेन्द्र भीम आर्मी,शुभम बौद्ध, भगवान दास, मुकेश ठाकुर, वसोरी पटैल,हरिराम ठाकुर,राजू पूर्व सरपंच, दिनेश, संदीप, गोपाल, सनी,दान सींग, राहुल सिंह, नरेंद्र ठाकुर, उमेश सिंह,तेजी धुर्वे, महेंद्र सिंह, अहिल्या बाई, ठाकुर दास, हर्षित, जसवंत, विमलेश भारी संख्या में युवा साथी एवं माता बहने उपस्थित थीं।

## 26 अगस्त के दिन एक बड़ा युवा संगम पॉलीटेक्निक कालेज में

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के युवाओं से कहा 26 अगस्त मंगलवार के दिन एक बड़ा युवा संगम आयोजित किया जा रहा हैं और इस युवा संगम में तीन बड़े-बड़े कंपोनेंट इस बार रखे हैं, इसे विस्तार दिया है। पहला कंपोनेंट है जो निजी अलग-अलग कंपनिया है उसमें जॉब आफर आप लोगों को मिले तो 5 वीं से लेकर के 12 वीं तक, आईटीआई, पॉलिटेक्निक पढे हुए युवाओं को जॉब ऑफर अवसर मिलेंगे तो अभी तक 4000 रिक्त पद मिल चुके है और प्रयास है कि करीब 1000 पद और बढ़ जायें तो यह ऑकड़ा 5000 रिक्त पद तक पहुँच जायेगा और आपको आपकी योग्यता के अनुसार काम मिल सकेगा। एक बड़ा अवसर आप लोग के लिए रहेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने युवाओं से कहा दूसरा स्वरोजगार के लिए लोन दिलवाने का काम किया जायेगा इसमें अलग-अलग सरकार की योजनाएं हैं और उन योजनाओं के अंतर्गत छोटे-छोटे कार्यों के लिए 50,000 रुपए तक का लोन चाहिए होता है, उस लोन के लिए अलग-अलग योजनाओं के अंतर्गत काउंटर्स लगवाए जायेंगे ताकि लोन की प्रोसेसिंग हो जाये। अगला युवा संगम सितंबर में आयोजित होगा, उसमें पात्र लोगों को लोन की स्वीकृति मिल जायेगी, इस प्रकार की व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा तीसरा कंपोनेंट मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना का रखा है, इस योजना के अंतर्गत हमारे युवाओं को 06 महीने से लेकर एक साल तक की इंटर्नशिप का काम उनको मिल पाएंगे, यह तीन कंपोनेंट पिछली बार जो युवा संगम हुए उसमें केवल जॉब रखा था जो कि निजी क्षेत्र की कम्पनियों से मिलता था, इस बार इसको आगे बढ़ाते हुए सरकार की अलग-अलग योजनाओं के अंतर्गत 50 हजार तक के लोन के प्रकरण के लिये आवेदन करने की सुविधा प्रदान करेंगे और अगले युवा संगम में उस लोन को स्वीकृति मिल जाएगी, जो पात्र होंगे। तीसरा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत लोगों को एक-एक साल तक काम करने को स्थानीय लेवल पर मिलेगा इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि जो कम्पनी है या उद्यम है वह स्थानीय होंगे वह अलग-अलग तरीके के लोग हो सकते है वह इसमें आएंगे, अलग-अलग तरीके के उद्यम आएंगे और वह आपको रोजगार देंगे इसके अलावा हमारे औद्योगिक संगठन जैसे डिक्की, उद्योग भारती और अन्य संगठन भी इसमें पार्टिसिपेट करेंगे, साथ ही स्थानीय उद्योग भी इसमें शामिल होंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने जिले के सभी युवाओं से आव्हान किया है, जो युवा निजी क्षेत्र में रोजगार या स्वरोजगार चाहते है या जो मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से जुड़ना चाहते है, इस रोजगार मेले में अवश्य आयें, इसके लिए एक सोशल मीडिया पर क्यूआर कोड डाला गया है और बाकी की जानकारियां डाली गई हैं, कृपया क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपना आवेदन जरूर प्रस्तुत करें। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से चेतावनी दी है कि युवा वर्ग किसी भी फ्रॉड व्यक्ति या धोखेबाज से सावधान रहें, कोई व्यक्ति आपको नौकरी लालच देकर पैसे भरवायें और उसके बाद नौकरी को लेकर आपको धोखा दें तो ऐसे धोखेबाजों से बिल्कुल सतर्क रहें। यह युवा संगम एकदम निशुल्क है, कोई कंपनी किसी प्रकार का एक रूपया का भी शुल्क लेती नहीं है तो कोई भी आपसे शुल्क लेकर जॉब देने की बात करता है तो उसके झॉसे में न आयें।

## पिता की स्मृति में लगाए 11 पौधे



**हटा।** संजय वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि रीतेश अग्रवाल के द्वारा अपने पिता स्वर्गीय श्री बसंत अग्रवाल जी की स्मृति में स्वतंत्रता पर्व के अवसर पर मुक्तिधाम में 11 पौधे पिता के नाम रोपित किए एवं उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस मौके पर रीतेश ने कहा कि जीना अगर जरुरी है, तो पौधे लगाना बहुत जरुरी है, इसलिये जहां भी रिक्त स्थान हो वहां पर पौधे रोपित कर उनका संरक्षण कर मानवता का परिचय दें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि नगरवासी अपने अपने परिजनों के खास दिनों में पौधारोपण कर यादगार बनाएं तो हमारी उपकाशी शीघ्र ही सुंदर और हरी दिखाई देगी। इस मौके पर पूर्व पार्षद बृजेंद्र सिंह राजपूत,चंपी चौरसिया, महेंद्र राय,नारायण तंतुवाय, अनिल पटेल शिव शंकर कुशवाहा, डॉ वीरेन्द्र मोदी,मोनू पांडेय, पुष्पेंद्र रैकवार, संदीप पटेल,अमित रैकवार, नितेंद्र यादव, शैलू मिश्रा सहित अन्य मित्र गणों की उपस्थिति रही।

## युवक ने फांसी लगा कर की अपनी जीवन लीला समाप्त

मोहर जसवंतपुरा पंचायत क्षेत्र में सोमवार को हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 26 वर्षीय युवक मुकेश आदिवासी पिता श्रीकेश ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार युवक ने अपने घर पर ही फांसी लगाई। घटना की सूचना मिलते ही परिवारजनों सहित ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही करते हुए पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की कार्यकारणी गठित



**दंमोह।** म.प्र.सविंदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्म.संघ की जिले की कार्यकारणी गंठन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की शुरूवात जिलाअध्यक्ष श्री गजेंद्र कुमार अहिरवार ने अतिथीयों के सम्मान के साथ शेख हनीफ खान जिला संरक्षक म.प्र.लघुवेतन कर्म.संघ के संचालन से हुआ अतिथियों में संयुक्त मोर्चा संरक्षक सम्मानीय श्री राकेश सिंह हजारी जी संयुक्त मोर्चा के जिलाअध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी जी स्वास्थ्य विभाग के जिलाअध्यक्ष के.आर पाण्डेय जी लिपिक वर्ग के जिलाअध्यक्ष राजीव कुमार बडकुल जी पूर्व जिलाअध्यक्ष अजाक्स डॉ. मोहन सिंह आदर्श जी म.प्र.लघुवेतन कर्म.संघ के जिलाअध्यक्ष प्रमोद अहिरवार जी की अनुपस्थिति मे प्रतिनिधी बनकर आए म.प्र.लघुवेतन कर्म.संघ के जिला सचिव अभिषेक राजपूत जी पूर्व नगर मडल अध्यक्ष संतोष रोहित जी कृष्णा पटेल जी हमारे मित्र श्री जंयत गांगरा जी सदन कटारया का स्वागत समस्त पदाधिकारी ने फूल मालाये पहनाकर किया एंव उपस्तिथ सभी जिलाअध्यक्षों ने संयुक्त मोर्चा के साथ संघ के संचालन की अनुमति प्रदान की। साथ ही सभी अतिथियों द्वारा समस्त पदाधिकारयों को नियुक्ती पत्र सौंपकर सभी का सम्मान किया गया जिसमें कार्यकारणी में नवनियुक्त पदाधिकारीयों में जिला उपाध्यक्ष देवी प्रसाद रजक जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह लोधी जिला सचिव जितेन्द्र अहिरवार सयुंक्त सचिव योगेश कुमार अहिरवार जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा आंनद संयुक्त कोषाध्यक्ष शराजकुमार रैकवार महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमति कल्पना अहिरवार महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमति शारदा बालमिंकी जिला मिडिया प्रभारी अकिंत ठाकुर जिला प्रवक्ता श्री प्रेमशंकर अहिरवार कार्यकारी सदस्य श्री दानिश रजा कार्यकारी सदस्य श्री भारत अहिरवार कार्यलय सचिव श्री रावत कुमार अहिरवार को संघ में कार्य करने के लिए विभिन्न पदों पर पदाकिंत करते हुए कार्य करने की अनुमति प्रदान की साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए म.प्र.लघुवेतन कर्म.संघ के जिला कोषाध्यक्ष एंव सम्भागीय उपाध्यक्ष श्री शैलेन्द्र कुमार अहिरवाल ने सभी अतिथियों एंव समस्त पदाधिकारी कर्मचारीयों का धन्यवाद प्रेषित करते हुए आभार व्यक्त किया।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज 19 अगस्त की शाम 06 बजे कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में वर्षाकाल के दौरान सभी मार्गों पर पड़ने वाले पुल/पुलियों की सतत निगरानी एवं मरम्मत कार्य, सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा, चयनित ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक कार्यवाही, मार्गों पर गति अवरोधक बनाने के संबंध में चर्चा तथा अन्य बिन्दु अध्यक्ष कलेक्टर श्री कोचर की अनुमति एवं निर्देशानुसार होगे। सड़क सुरक्षा समिति सदस्य सचिव ने सभी संबंधितों को बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यालय कलेक्टर सभागार में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## असाटी महिला समिति ने धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

असाटी महिला समिति दमोह के तत्वावधान में संस्कार भवन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति पदाधिकारियों, संरक्षण मंडल, मार्गदर्शक मंडल एवं महासभा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। सभी बहनों ने झूले पर विराजमान श्रीकृष्ण स्वरूप के समक्ष पूजा-अर्चना की और बाल स्वरूप बने कान्हा जी का फूलों से स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति पदाधिकारी बहनों ने मनमोहक नृत्य के साथ श्रीकृष्ण आरती प्रस्तुत की। कार्यक्रम की श्रृंखला में कृष्ण-यशोदा की जोड़ियों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

इनमें नव्या/श्रीमती आकांक्षा अरनव असाटी, लक्ष्य/ श्रीमती रश्मि असाटी, सनाया /श्रीमती



साक्षी नायक, नक्षत्र/श्रीमती राखी असाटी, आराध्य/श्रीमती सोनिया, श्रीमती नंदा असाटी एवं लता असाटी इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। समाज की बेटियों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बालिकाओं ने श्रीकृष्ण-राधा स्वरूप के समक्ष गोपियों का रास नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रीति असाटी एवं संतोष असाटी ने बेटियों को प्रशिक्षण देकर उनके साथ मंच पर भाग लिया। रास नृत्य इतना मनमोहक रहा कि मानो गोपियां स्वयं श्रीकृष्ण के समक्ष अपने भावों को अभिव्यक्त कर रही हों।

बाल गोपालों ने मटकी फोड़ कर सभी का मन आनंदित कर दिया। कार्यक्रम प्रांगण में भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा (स्वरूप में कंचन और रोनिका असाटी) द्वारा उपस्थित सभी को प्रसादी वितरण किया गया। अंतिम चरण में सभी बहनों ने मिलकर महारास और भजनों का आनंद लिया और प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का सफल समापन हुआ।

## गौड़ समाज महासभा ने बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की



**जबेरा।** जबेरा विधानसभा के बाढ़ प्रभावित गांव बमनौदा, झमरा, कोसमदा, टेड़ा, महंगुवा आदि ग्रामों में गोंड समाज महासभा जिला कमेटी दमोह के तत्वावधान में बालक बालिकाओं को शैक्षणिक सामग्री रजिस्टर पेन,कंपास बाक्स, एवं स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमति बबीता सिंह पोर्ते जिला पंचायत सदस्य, कौशल सिंह पोर्ते प्रदेश सह सचिव, धीरज सिंह सरुता जिलाध्यक्ष, शिवलाल सिंह धुर्वे उपाध्यक्ष, श्रीमति लक्ष्मी तेकाम जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, मुंशी लाल तेकाम जिलाध्यक्ष आर्थिक प्रकोष्ठ, चंद्रभान सिंह तेकाम कोषाध्यक्ष, जवाहर सिंह मरावी ब्लाकाध्यक्ष, सोने सिंह ठाकुर, सरपंच जमुनिया जबेरा,जाहर सिंह रिछ्याउ सहित गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## पुष्पावती जी में हुआ तारण बाबा के द्वार मेरा परिवार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

टीम तारण त्रिवेणी के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को संस्कार वान धर्म आचरण से जोड़ने ,तीर्थों के गौरव हेतु परिवारों को तीर्थों से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत दमोह जिले के सूखा ग्राम में तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के तीर्थ निसई जी में अभियान की शुरुवात की गई। संयोजक भूपेंद्र जैन ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज की युवा पीढ़ी को धर्म मार्ग में जोड़ते हुए तीर्थ के विकाश में सहयोगी बनाकर तीर्थों के गौरव की पहल है। मंत्री के सी जैन ने कहा कि यह अच्छी पहल है। इसमें सूखा कमेटी द्वारा सभी सेवाएं



प्रदान की जाती है। सेठ रमेश जैन ने बताया कि अभियान अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को तारण त्रिवेणी का पाठ भक्तांबर का पाठ श्रावकाचार जी ग्रंथ की एक गाथा का अर्थ सहित वाचन किया जाता है। रविवार की सुबह मंदिर विधि की जाती है तारण त्रिवेणी टीम की महिला शाखा की शास्त्री श्वेता, श्रद्धा, निधि पथरिया ,संगीता ,भारती बतियागढ़ अर्चना ,साधना जैन दमोह ने ने इस कार्यक्रम हेतु प्रत्येक परिवार की माता बहनों को प्रेरित करने के लिए सतत संपर्क कर रही है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में सामूहिक भोज का आयोजन



**पथरिया।** शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में 15 अगस्त को सामूहिक भोज का आयोजन किया। जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष डां खिलान अहिरवार, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि उदयभान पटेल, मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल,लोकेन्द्र लकी पटेल,नगर परिषद अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा,कपिल दुबे, एसडीएम निकेत चौरसिया, एसडीओपीं प्रिया सिंधी,जनपद सीईओं कृष्णकांत पाण्डे, बीआरसी जितेन्द्र जैन, नगर निरीक्षक अमित मिश्रा सहित छात्रावास स्टाफ मौजूद रहा।

## सरस्वती शिशु मंदिर में उत्साह से मनाई श्रीकृष्णा जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

सरस्वती शिशु मंदिर जबेरा में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, शिक्षक गणेश झारिया, समिति सदस्य अरुण बाजपेई, पत्रकार नारायण शर्मा, विद्यालय प्राचार्य टेकसिंह ठाकुर, सुभाष चंद्र जैन, प्रदीप जैन सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा माता सरस्वती एवं भगवान श्रीकृष्ण जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पूजन अर्चन कर किया गया। उसके पश्चात अतिथि परिचय एवं संगीतमय श्रीकृष्ण आरती का गायन किया गया। कार्यक्रम में जहां विद्यालय के नन्हे छात्र-छात्राओं



द्वारा भगवान श्रीकृष्ण राधा जी की भेशभूषा में मनमोहन शानदार प्रस्तुति दी गई जिसे उपस्थित अतिथियों द्वारा जमकर सराहा गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने नन्हे छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यहां सर्वोत्तम शिक्षा के साथ संस्कारों और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी छात्रों को अग्रणी बनाया जाता है। जो गुरु शिष्य परंपरा सदियों से चली जा रही है उस परंपरा का निर्वहन आज भी सरस्वती विद्यालय में पूरे मनोयोग से किया जाता है इसीलिए यहां शिक्षण कार्य करने वाले को शिक्षक नहीं बल्कि गुरुजी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आज विद्यालय के नन्हे बच्चों द्वारा श्रीकृष्णा जन्माष्टमी के अवसर पर जो भगवान कृष्ण राधा जी की मनमोहक झांकी दिखाई गई है वह बहुत ही अद्भुत एवं प्रशंसनीय है और अगले वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भव्यता के साथ मनाए जाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर आचार्य अरुण श्रीवास्तव, विमल कुमार, चक्रेश सिंह,महेंद्र सिंह, दयाराम रैकवार, देशराज सिंह, निलेश साहू, सुरेंद्र प्रजापति, वेद प्रकाश नामदेव, श्रीमती विमला शर्मा, गोविंद काछी, श्रीमती नीतू नामदेव, पूजा पटेल, खुशी राय, अनीता ठाकुर, प्रवीण शर्मा सहित अनेकों छात्रों की उपस्थिति रही।

## माध्यमिक शाला रसीलपुर में मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

**हटा।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय रसीलपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल में बच्चों ने राधा-कृष्ण के वेश में मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की, छात्रों ने नृत्य और संगीत के माध्यम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। मटका फोड़ (जिसमे आंख पर पट्टी बांधकर) जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय में छात्रों के लिए दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के




प्रधानाध्यापक सुरेश श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधान अध्यापक सुरेश श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हमें अपने कर्तव्यों को पूरा करने और बिना किसी स्वार्थ के कर्म करने की प्रेरणा देता है। वहीं शिक्षक साधुराम पटेल ने कहा कि श्रीकृष्ण जी के जीवन के प्रत्येक रूप में पूर्णता दिखाई देती है गुरु-शिष्य के रूप में श्री कृष्ण व अर्जुन, प्रेम के रूप में राधा व श्रीकृष्ण और मित्र के रूप में श्रीकृष्ण - सुदामा के प्रसंग की ही चर्चा की जाती है। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक हुकुमचंद अहिरवार, प्रदीप पटेल के अलावा राकेश कुमार रैकवार सहित स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहे।

## खबर संक्षेप

### दमोह की होनहार छात्रा का चयन MBBS में

**दमोह।** दमोह जिले के सिविल कोर्ट में पदस्थ स्टेनो पंडित अनिल कुमार स्वामी की पुत्री एवं पंडित स्व. बद्री प्रसाद स्वामी की नातिन तथा पंडित राजेन्द्र प्रसाद स्वामी की भतीजी कु. ऑंशिता स्वामी ने NEET UG 2025 की परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। कु. ऑंशिता स्वामी ने परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 39042, मध्यप्रदेश राज्य रैंक 797 तथा अनारक्षित श्रेणी रैंक 14812 प्राप्त की। राज्य स्तरीय काउंसलिंग प्रक्रिया के अंतर्गत उनका चयन छिंदवाड़ा शासकीय चिकित्सा विद्यालय में एम.बी.बी.एस. हेतु हुआ है।

### 855.9 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 855.9 मि.मी. अर्थात 33.6 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 147.2 मि.मी. अर्थात 5.7 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 708.7 मि.मी. अर्थात 27.9 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा दमोह में 991.0 मि.मी. दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 991.0 मि.मी., हटा 796.1 मि.मी., जबेरा में 948.0 मि.मी., पथरिया 975.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 817.2 मि.मी., बटियागढ़ 762.0 मि.मी. तथा पटेरा में 702.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 11.0 मि.मी. अर्थात 1.5 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 2.0 मि.मी., जबेरा में 5.0 मि.मी., पथरिया में 2.0 मि.मी., बटियागढ़ में 2.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### 12 वाहनों पर कार्यवाही, 29 हजार रूपये वसूले

**दमोह।** जिला कलेक्ट्रर द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत परिवहन विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इस सबंध में परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया समन्ना तिराहा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बिना पीयूसी, बॉडी टेम्परिंग, बसों में ओवरलोडिंग, ओवरहाइट, ओवरलेंथ तथा बिना HSRP वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कुल 12 वाहनों का चालान किया गया तथा विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 29 हजार रूपये की राशि वसूली गई। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें, समय-समय पर अपने वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र नवीनीकृत कराएँ और ओवरलोडिंग जैसी खतरनाक प्रवृत्तियों से बचें। इसी प्रकार के सतत चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### अवैध शराब बिक्री को लेकर जगथर ग्राम के लोगों ने ज्ञापन सौंपा

## अवैध शराब बनी आफत, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जगथर के ग्रामीणों द्वारा एसडीएम व थाना प्रभारी को ग्राम में अवैध शराबबंदी को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो विगत दिनों पहले ग्राम पंचायत किनद्रहों की महिलाओं द्वारा भी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन जब कोई कार्यवाही नही हुई तो विगत दिवस महिलाओं ने अपने ग्राम में जहां जहां अवैध शराब बरामद हुई उसको फेंक दिया गया। वहीं सोमवार को जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम जगथर, केवलारी के ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया। लेकिन जब तक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नही



देंगे कार्यवाही संभव नहीं होगी। क्योंकि अक्सर ऐसा देखा जा रहा है कि कोई ना कोई अपने अपने चहेतों के खास बनें है जिससे निष्पक्ष कार्यवाही नही हो पाती है। पिछले दिनों भी पथरिया थाना के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब का विरोध हुआ था। शराबबंदी की मांग करने वाले ग्रामीणों ने ग्राम में शराब दुकान तक नहीं खोलने दी थी लेकिन उसके बाद भी क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा लगातार फल फूल रहा है। पुलिस व आबकारी विभाग मूकदर्शक बनकर बैठे है। वही पुलिस प्रशासन की बात करें तो विगत दिनों पुलिस मुख्यालय के आदेश जारी हुआ जिसमें जिले में 3 वर्षों से अधिक समय से एक ही जगह पदस्थापना है उनके तबादला किए जाए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा जिले में तबादला सूची जारी की गई पर उसमें कुछ कर्मचारियों को छोड़ दिया गया जिनकी पदस्थापना को 3 वर्ष से अधिक समय हो चुका फिर भी उनको नही हटाया गया। पहले दूसरी सूची जारी की चर्चाएं चलती रही लेकिन महीने भर से ज्यादा समय बीत गया पर अभी तक अटकी है । ऐसा क्या कारण रहा कि सूची में नाम होने के बाद भी तबादला नही किए गए।

## बाईक सवार बदमाशों ने महिला के गले से छीना सोने का हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर चलती बाइक पर एक महिला के गले से सोने का हार छीने जाने की घटना सामने आई है। महिला रविवार की शाम अपने ससुर के साथ बाइक से ससुराल जा रही थी। तभी बाइक सवार चार युवकों ने पीछे से महिला के गले से सोने का हार छीन लिया और तेंदूखेड़ा की ओर भाग निकले। महिला अपने ससुर के साथ थाने पहुंची जहां घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के बमोरी गांव निवासी प्रहलाद सिंह लोधी अपनी बहू को लेने उसके मायके बरखेड़ा गांव गए हुए थे। रविवार की शाम जब वह बहू को लेकर वापस लौट रहे थे। तभी वन विभाग के डिपो के नजदीक दो बाइक से आए चार बदमाशों ने उनकी बहू के गले से सोने का हार झपटकर छीन लिया और तेंदूखेड़ा की ओर भाग गए। वहीं महिला कौशल्या बाई लोधी ने बताया कि वह रक्षाबंधन पर अपने मायके बरखेड़ा गई हुई थी रविवार को उसके ससुर लेने आए थे। वह बाइक से ससुर के साथ जा रही थी तभी आरोपियों ने सांगा गांव से उसका पीछा किया और डिपो के पास पहुंचते ही बाइक सवार दो युवक ससुर की बाइक के आगे आ गए और पीछे आ रहे दो बाइक सवार युवकों ने उसके गले से सोने का हार छीन लिया। हार की कीमत करीब सवा लाख रूपए है। घटना के बाद आरोपी तेंदूखेड़ा की ओर भाग गए। इसके बाद उन्होंने परिजनों को सूचना दी और परिजनों ने तेंदूखेड़ा थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### कैमरे में कैद हुई स्कूटी

डिपो के सामने घटना को अंजाम देकर फरार हुए लुटेरों की दो स्कूटी बिना नंबर की थी उषा लोधी के अनुसार जो हार लुटेरे छीन कर ले गये है उसकी कीमत आज के समय में एक लाख से ऊपर क्योंकि हार एक तौल से ऊपर का था

घटना को अंजाम देकर भागे लुटेरे अभी पुलिस की गिरफ्तार से बाहर है मगर एक कैमरे में उनकी स्कूटी और दो युवक कैद हो गये है जिन्होंने इस लुट की घटना को अंजाम दिया है। ए एस आई गजराज सींग ने महिला का आवेदन लिया घटना की विस्तार से पूरी जानकारी एकत्रित की उन्होंने जानकारी देते हुये बताया उषा बाई लोधी ने रविवार को एक आवेदन थाने में आकर दिया हैं जिसमें उन्होंने बता की चार युवकों दो स्कूटी पर सवार होकर पहले उन्होंने उनकी मोटर साइकिल का पीछा किया और बाद में गले से सोने का हार छीनकर फरार हो गये है आवेदन लिया है और खोजबीन शुरू की गई है।

### लोगों ने कहा स्पीड ब्रेकर व सूचक बोर्ड ना होने के कारण हो रहे हादसे

## दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल, एक जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ/तेंदूखेड़ा

क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं क्षेत्र हर दिन लगातार सड़क हादसे निकल कर सामने आ रहे हैं जिसमें लोगों की जान जा रही तो वहीं लोग अपंग हो रहे है। इन हादसों की मुख्य वजह कहीं रफ्तार कहर बन रही तो कहीं पर अंधी मोड़ तो कहीं सूचना बोर्ड नहीं होने से यह हादसे हो रहे है। एसी ही एक हादसा सोमवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत निकल सामने आया है जहां पर दो तेज रफ्तार बाइक आमने-सामने टकराने से चार लोगों गंभीर रूप घायल हो गए हैं। जिन्हें तेजगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां से दो को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है बाकी दो अन्य का इलाज तेन्दूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तेजगढ़ निवासी वीरेंद्र राजपूत शिक्षक जो पटेरिया स्कूल से अपने घर तेजगढ़ आ रहे थे जहां अंधे



मोड़ पर सड़क किनारे लगी झाड़ियों के कारण सामने आ रहे अन्य बाइक सवार दिखाई नहीं देने के वीरेंद्र राजपूत शिक्षक हादसे के शिकार हुए जिन्हें गंभीर चोटे आने पर तेजगढ़ स्वास्थ्य केंद्र से परिजन इलाज के लिए जबलपुर ले गए जहां पर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है वहीं पटेरिया निवासी भूरा पिता प्रेम सिंह आदिवासी भी गंभीर घायल हो गया जिसे बेहोशी की हालत में तेन्दूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया इस हादसे में चार वर्षीय अनुराधा पिता ओमकार आदिवासी को गले मे ज्यादा घाव होने से तेजगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से तेन्दूखेड़ा भेजा गया है। अंजना पति ओमकार आदिवासी 24 वर्ष को भी चोट आई है बताया गया है कि ये बच्ची व उसकी माँ भरोटा बटियागढ़ की निवासी हैं।जो पटेरिया जा रही थीं रास्ते मे हादसे के शिकार हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने डायल हंड्रेड की मदद से घायलों को तेन्दूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया घटना की सूचना मिलते ही तेजगढ़ निवासी नीरज असाटी प्रवीण यादव डॉ अनूप सिंह सहित तेजगढ़ ग्राम के अन्य लोग भी मौके पर पहुँचे जहां घायलों की मदद की और तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह को सूचना दी। उन्होंने तत्काल डायल हंड्रेड को भेजो और घायलों के लिए इलाज के लिए भेजा गया जहां घायलों का इलाज जारी है। ग्रामीणों ने कहा है कि सड़क के आजू-बाजू झाड़ियां होने से हादसे हो रहे हैं। जिससे सामने वाले वाहन दिखाई नहीं देते हैं और हादसे के शिकार हो जाते हैं वहीं लोगों ने आरोपी भी लगाए हैं कि सड़क बनाने वाली कंपनी द्वारा स्पीड ब्रेकर नही बनाएं जाने से वाहन रफ्तार से निकलते हैं और हादसे के शिकार हो जाते हैं। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द इन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाएं जाए जिससे हादसों को रोका जा सके। वहीं तेजगढ़ पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## हिंदू संगठनों ने अतिक्रमण हटाए जाने बाबद तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

ग्राम के मुस्लिम वार्ड में स्थित प्राचीन तलैया पर कुछ मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने हेतु हिंदू संगठनों ने गैसाबाद पुलिस थाना पहुंच कर प्रभारी तहसीलदार शिवराम चाडर को ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ग्राम की शासकीय तिलैया पर मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने जिसमें एक शासकीय शिक्षक भी शामिल है द्वारा अतिक्रमण कर मकान आदि बना रखे हैं, एवं समाज द्वारा शासकीय मद की करीबन 5 एकड़



भूमि कब्रिस्तान के नाम पर अभिलेख में दर्ज करा ली गई है। हिंदू संगठन द्वारा ऐसे अन्य मुद्दों को लेकर ज्ञापन सोपा गया जिसमें अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई है। उक्त ज्ञापन पर तहसीलदार महोदय द्वारा शीघ्र ही न्यायउचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में हिंदू संगठनो के कार्यकर्ताओं के साथ विश्व हिंदू परिषद के हटा अध्यक्ष भरत राय, बबलू राय अस्सु नामदेव हटा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि रणधीर दहिया पूर्व सरपंच लक्ष्मण तिवारी, मान बहादुर रिंकू लंबरदार, मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल रजनीश तिवारी सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, इस दौरान गैसाबाद थाना प्रभारी प्रीति पांडे प्रधान आरक्षक अरविंद तिवारी एवं हमराही पुलिस स्टाफ पूरे दलबल के साथ मुस्तैद रहा।

## मनरेगा उपयंत्रियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मनरेगा उपयंत्री विगत कई वर्षों से विभिन्न संगठनों के बैनर में अपनी मांगों को लेकर शासन को अवगत करा रहे हैं। उनकी मांगों की पूर्ति न होने से मनरेगा उपयंत्री निरंतर शोषण का शिकार हो रहे हैं। मनरेगा अभियंता संघ के प्रांतीय अध्यक्ष ने मांगों के निराकरण के लिए निवेदन किया है और मांगों के निराकरण होने तक मनरेगा उपयंत्रियों को दिनांक 16.08.2025 से 10 दिवस के अवकाश पर रहने की घोषणा की है। ज्ञापन में मांग की गई है कि संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति दिनांक की सेवा अवधि से समकक्ष सेवा अवधि वाले नियमित उपयंत्री के वेतन के समतुल्य करने एवं तदनें वार्षिक वेतन वृद्धि भी मिलने के आदेश। मनरेगा उपयंत्री की मृत्यु होने पर आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति।



मनरेगा उपयंत्रियों को किसी भी प्रकरण में पद से पृथक किए जाने के स्थान पर निलंबित करना। जिला या प्रदेश स्तर पर आर.ई.एस. एवं मनरेगा के उपयंत्रियों की संयुक्त वरिष्ठता सूची अनुसार सहायक यंत्री के प्रभार। नियमित कर्मचारियों की भांति मनरेगा उपयंत्री हेतु उपादन भुगतान, संविदा सेवा का नवीनीकरण एक वर्ष नहीं 5 वर्ष की सी.आर. के आधार पर, मनरेगा उपयंत्रियों से केवल और केवल तकनीकी कार्य कराए जाएं। वेतन माह की प्रथम तारीख को*: मनरेगा के उपयंत्रियों को माह की प्रथम तारीख को वेतन मिले। मनरेगा उपयंत्री अपनी मांगों की प्रतिपूर्ति तक दिनांक 16.08.2025 से 10 दिवस के अवकाश पर रहेंगे।

## मिथ्याछाप सामग्री विक्रय करने पर 80 हजार रूपये का जुर्माना लगाया

**दमोह।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत मिथ्या छाप सामग्री विक्रय करने पर दोष सिद्ध होने के आरोप में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी मीना मसराम ने जिले के 02 अनावेदकों पर 80 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी रावत (बुधौलिया) द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर जिले की तहसील बटियागढ़ नरैया चौराहा निवासी अनावेदक सुयश तिवारी पिता डी.पी. तिवारी द्वारा अवमानक बिना बीआईएस लाईसेंस के गंगोत्री जलधारा पानी पाऊच का निर्माण एवं विक्रय करने तथा तेन्दूखेड़ा विद्यानगर निवासी आलोक जैन द्वारा मगध के लड्डू, स्वैपिग नूडल्स, सागर गोल्ड फलाहारी नमकीन, चंचल नमकीन, बिस्किट, रतलामी नमकीन खाद्य पदार्थ एक्सपायरी डेट के बाद भी विक्रय करने के आरोप में दोष सिद्ध होने पर 40-40 हजार रूपये के मान से अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया है कि अधिरोपित शास्ति की राशि स्टेट बैंक आफ इंडिया मुख्य शाखा दमोह में चालान द्वारा शीर्ष 0210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य 04 लोक स्वास्थ्य 104 शुल्क एवं दण्ड आदि 0754 खाद्य एवं औषधि नियंत्रण में जमा कराकर चालान की एक प्रति न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत की जाये । अधिरोपित शास्ति की राशि 15 दिवस में जमा की जाये। नियत समयावधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर अधिनियम की धारा 96 के तहत भू-राजस्व की बकाया की भांति वसूल की जायेगी।

## संतों के चरणों में जाने से आत्मिक शान्ति मिलती है - मानक पटेल



**दमोह।** नवनिर्वाचित जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल सोमवार के दिन नगर के सिख समाज के गुरुद्वारे पहुँचे मत्था टेका और संतों का आशीर्वाद लिया इस अवसर पर सिख समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने सभी सिख भाईयों से मुलाकात की इस श्री पटेल ने कहा की संतों के चरणों में आने से मन में एक आत्मिक शांति मिलती है और यहाँ गुरुद्वारे में जो सिख समाज का सेवा भाव देखा बहुत कम देखने को मिलता है। सच्ची सेवा भाव कैसे की जाती है यह बात सिख समाज से सीखनी चाहिए। इस अवसर पर नितिन मिश्रा सिख समाज ने मानक पटेल का स्वागत सम्मान किया इस दौरान सिख समाज से सरदार बलबीर सिंह सलूजा, इंद्र सिंह अरोरा, कमलजीत सिंह मक्कड़, सुरजीत सिंह, रजिंदर सिंह बग्गा ,जयपाल सिंह सलूजा, गुरवचन सिंह छाबड़ा, अमरजीत सिंह सहित अनेक सिख समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

## त्रिमर्ति मंदिर के शताब्दी महोत्सव पर हो रही सिद्धो की महाआराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन त्रिमूर्ति मंदिर के सौ वर्ष पूर्ण होने पर एक सप्ताह का श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान का आयोजन चल रहा है। शताब्दी महोत्सव के इस आयोजन में नगर के साथ साथ आसपास समाज के लोग भी अपनी सहभागिता दर्ज करा रहे है। मंदिर जी में सूर्योदय के साथ ही धार्मिक क्रियाएं प्रारंभ हो जाती है। संगीतमय अभिषेक, शांतिधारा पूजन विधान हो रहा है। वही छोटे छोटे बच्चों के साथ हर आयु वर्ग के लोग भी पूर्ण श्रद्धा के साथ सिद्धों को अघ्र्य समर्पित कर रहे। मुरैना से पधारे ब्रम्हचारी संजय भैया के द्वारा बच्चों के संस्कार की पाठशाला व विधान का महत्व बताते हुए कहा कि अपने अच्छे-खराब वक्त में भी भगवान को नहीं भूलना चाहिए, भगवान के सामने कभी भी अपने



धन-वैभव, पद आदि लेकर नहीं जाना चाहिए बल्कि कुछ पाने के लिए मंदिर जाना चाहिए। भैया जी ने कहा कि हमें विरासत में एक से बढकर एक तीर्थ क्षेत्र मिले है, लेकिन वर्तमान में ये धार्मिक स्थल केवल पिकनिक स्थल बनते जा रहे है। धार्मिक स्थलों की स्वच्छता, सुरक्षा का जिम्मा हर व्यक्ति का है। भैया जी ने विधान के दौरान कहा कि अधिकांश व्यक्ति मोबाईल रील्स में अपना समय बर्वाद कर रहा है। समय के इस चक्र से बाहर निकल कर भगवान और मंदिर जी में ध्यान देने की आवश्यकता है। सायंकाल मंदिर जी में सामूहिक आरती हो रही जिसमें महापात्रों के साथ साथ सभी श्रीजी की महाआरती कर रहे है। कोटा राजस्थान से पधारें संगीत दल के द्वारा भी मनमोहक प्रस्तुती दी जा रही है।

## सौरभ जैन ने किया रक्तदान



**दमोह।** जिला अस्पताल दमोह में भर्ती सौम्या लोधी जिन्हें ब्लड की सख्त आवश्यकता थी। ब्लड ना मिलने के कारण ऑपरेशन रुका हुआ था। जैसे ही यह मुझे जानकारी हुई मैंने जैन मेडिको के संचालक भाई सौरभ से चर्चा की। वह सहज ही ब्लड देने के लिए तैयार हो गए। और सुबह जिला अस्पताल पहुंच कर अपना रेयर ग्रुप बी नेगेटिव रक्तदान कर मरीज की मदद में निमित्त बने। सौरभ इससे पहले भी कई बार रक्तदान कर चुके हैं। आपकी जागरूकता आपकी सक्रियता रक्तदान के प्रति समर्पण भाव को नमन करता हूं। इस पुण्य कार्य में सहयोगी रहे निर्मल जैन का भी बहुत-बहुत धन्यवाद। हम सब की भी यह नैतिक जिम्मेदारी है कर्तव्य की समय-समय पर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान अवश्य करें।

## कांग्रेस नेता रतनचंद जैन को पितृ शोक

**दमोह।** पूर्व जिले कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रतनचंद जैन ( घाटपिपरिया) के पिता दादा परम लाल जैन का निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। उनका अन्तिम संस्कार सुरेखा कालोनी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में समाज के सभी वर्गो के व्यक्तियों ने सम्मलित होकर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की।

## 12 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले के 12 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक छोटू ऊर्फ सलीम पिता रहीश कुरैशी निवासी बजरिया वार्ड नं.-01 थाना कोतवाली दमोह, अनावेदक रूपेश ऊर्फ रूपेन्द्र पिता नन्हें भाई प्रजापति निवासी वार्ड क्रमांक 08 पथरिया, अनावेदक निखलेश ऊर्फ लवकेश पिता मुन्ना ऊर्फ रामप्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम जबेरा, अनावेदक ऐलू ऊर्फ प्रहलाद रैकवार पिता जमना ऊर्फ जगन्नाथ रैकवार निवासी फुटेरा वार्ड नं.-05 ढिमरौला मोहल्ला थाना कोतवाली दमोह, अनावेदक छोटू ऊर्फ प्रकाश पिता दौलत सींग लोधी निवासी ग्राम सिमरी जालम थाना नोहटा को आगामी 06 माह अर्थात (180 दिवस) के लिये, अनावेदक पवन राय पिता रमेश राय निवासी जबेरा एवं अनावेदक अज्जू ऊर्फ आजाद पिता विशाल सिंह राजपूत निवासी ग्राम इटवा छक्का थाना गैसाबाद को आगामी 04 माह अर्थात (120 दिवस) के लिये, अनावेदक रामसींग लोधी पिता लल्लू सींग लोधी निवासी ग्राम पतलौनी थाना तेजगढ़, अनावेदक अरबाज पिता जुम्मन खान निवासी नोहटा थाना नोहटा को आगामी 03 माह अर्थात (90 दिवस) के लिये, अनावेदक अर्जित घोषी पिता लल्लू घोषी निवासी ग्राम बम्होरी सिंगौरगढ़ थाना जबेरा, अनावेदक गनेश यादव पिता बलराम यादव निवासी ग्राम जोरतला थाना नोहटा को आगामी 02 माह अर्थात (60 दिवस) के लिये तथा अनावेदक यशवंत पिता नन्हें भाई प्रजापति निवासी वार्ड क्रमांक 08 थाना पथरिया को आगामी 01 माह अर्थात (30 दिवस) की कालावधि के लिये दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर से निष्कासित कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में अनावेदक को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देगा तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदक के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।